प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वंदे मातरम् के मंत्र ने पूरे देश को दी शक्ति व प्रेरणा–स्वतंत्रता आंदोलन को बनाया ऊर्जावान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पैंशनरों के लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी एक माह के भीतर करने की घोषणा की।
- एचआरटीसी चालकों व परिचालकों ने अपने लंबित भत्ते व ओवर टाईम का भुगतान समय पर करने का सरकार से किया आग्रह।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा– 11 दिसम्बर को मंडी में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन में तीन साल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखेगी राज्य सरकार।
- बिलासपुर के लुहणू मैदान में इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट शुरू– 36 महाविद्यालयों के 5 सौ खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।

वंदे मातरम

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। राष्ट्रीय गीत बंकिमचंद्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में लिखा था। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति व प्रेरणा दी और स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वंदे मातरम अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा था तब देश आपातकाल से प्रभावित था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का मंत्र नहीं है, बल्कि यह भारत को उपनिवेशवाद की बेड़ियों से मुक्त करने का एक साधन है।

अनुराग ठाकुर

इस बीच लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने पर चर्चा में भाग लेते हुए हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि राष्ट्र प्रेम की रीत है। उन्होंने कहा कि ये भारत के गौरव, हर भारतीय की आशाओं व आकांक्षाओं का सुरमयी गीत है। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आज़ादी के 78 साल बाद भी वंदे मातरम गीत को लेकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा पैंशनरों के सभी लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी आगामी एक माह के भीतर पूर्ण कर दी जाएगी। शिमला में प्रदेश पैंशनर

संयुक्त फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आज ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पैंशनरों की मांगों का समाधान सुनिश्चित कर रही है और उनकी विभिन्न देनदारियों की अदायगी भी समय–समय पर की जा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कर्मचारी सरकार की रीढ़ होते हैं और उनकी समस्याओं व मांगों का उचित समाधान करना प्रदेश सरकार का दायित्व है।

इस मौके पर प्रदेश पैंशनर संयुक्त फ्रंट के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि सरकार पैंशनरों की वित्तीय देनदारियों को शीघ्र बहाल करेगी।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य युवाओं का समग्र विकास करना और उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनाना है। सोलन ज़िले के अर्की उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागूघाट के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन का आधार शिक्षा व संस्कार है। धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को विश्व स्तरीय बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे–बोर्डिंग विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने घनागुघाट में एक करोड़ 27 लाख रुपये से अधिक की लागत से नव–निर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण भी किया।

कंगना

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे को सशक्त करने का कार्य किया है। एक ब्यान में उन्होंने कहा कि सड़कें प्रदेश की जीवन रेखा हैं और केंद्र सरकार द्वारा सड़क व पुल निर्माण के क्षेत्र में किए गए कार्य आने वाले वर्षों में हिमाचल की प्रगति की मजबूत नीव सिद्ध होंगे। कंगना रणौत ने मनाली लेह सामरिक मार्ग पर सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के वचुर्अल उदघाटन के लिए केंद्र सरकार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सामरिक दृष्टि से देश की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

एचआरटीसी यूनियन

राज्य पथ परिवहन निगम के चालकों और परिचालकों ने अपने लंबित भत्ते और ओवर टाईम का भुगतान समय पर करने का राज्य सरकार से आग्रह किया है। एचआरटीसी ड्राईवर यूनियन के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि दिसम्बर महीने की 8 तारीख बीत जाने के बावजूद भी अभी तक चालकों व परिचालकों को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि उन्हें अब हर महीने वेतन पाने के लिए प्रशासन से बैठक करने और प्रदर्शन करने पर मजबूर होना

पड़ रहा है। मानसिंह ठाकुर ने बताया कि निगम के कर्मचारियों के लंबित भत्तों और ओवर टाईम का लगभग एक करोड़ रुपये की राशि लंबित है।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि आपदा के बावजूद राज्य सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र सहित जनकल्याण के लिए बेहतर कार्य किया है। शिमला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि 11 दिसम्बर को मंडी में आयोजित होने वाले जनसंकल्प सम्मेलन में प्रदेश सरकार अपनी तीन साल की उपलब्धियों व आगामी विज़न को जनता के समक्ष रखेगी। विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के ज़िला अध्यक्षों की नियुक्तियां केंद्रीय आलाकमान द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह के भीतर पीसीसी की पूरी कार्यकारिणी भी गठित कर दी जाएगी।

धर्माणी

बिलासपुर ज़िले के लुहणू मैदान में आज प्रदेश की 48वीं इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट शुरू हुई। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में प्रदेश के 36 महाविद्यालयों के करीब 5 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। राजेश धर्माणी ने युवाओं से जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा है कि भू–संपदा अधिनियम 2016 को संसद द्वारा भू–संपदा क्षेत्र में पारदर्शिता व जवाबदेही लाकर आवास खरीददारों के हितों की रक्षा करने के लिए अधिनियमित किया गया था। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि 29 राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने–अपने वैब पोर्टल स्थापित किए हैं। तोखन साहू ने बताया कि पारदर्शिता बढ़ाने और विभिन्न भू–संपदा विनियामक प्राधिकरणों के बीच हितधारकों के जुड़ाव को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत रेरा वैब पोर्टल विकसित किया गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वंदे मातरम् के मंत्र ने पूरे देश को दी शक्ति व प्रेरणा–स्वतंत्रता आंदोलन को बनाया ऊर्जावान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पैंशनरों के लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी एक माह के भीतर करने की घोषणा की।
- एचआरटीसी चालकों व परिचालकों ने अपने लंबित भत्ते व ओवर टाईम का भुगतान समय पर करने का सरकार से किया आग्रह।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा– 11 दिसम्बर को मंडी में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन में तीन साल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखेगी राज्य सरकार।
- बिलासपुर के लुहणू मैदान में इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट शुरू– 36 महाविद्यालयों के 5 सौ खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।

——————————————